>

Title: Regarding the speedy completion of the work of Bakunda-Tarkeshwar Rail Line and Bishnupur Tarkeshwar Rail track.

श्री सौमित्र खान (बिष्णुपुर): **अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मेरी बहुत महत्वपूर्ण बात है और मैं छः साल से यह बात बोल रहा हूं । गुरु रामकृष्ण परमहंस ठाकुर वाले स्थान कामारपुकुर और जयरामबाटी है, जो बांकुड़ा-तारकेश्वर रेल लाइन पर है, इसका काम अभी तक खत्म नहीं हो रहा है । इस रेलपथ का काम कम्पलीट नहीं हो रहा है । यह बहुत बड़ा रेलपथ है । अगर भाबा दिघी के लिए थोड़ा सा चेंज करना पड़े, तो भी वह काम करना चाहिए । अगर राज्य सरकार जमीन नहीं देती है, तब भी उसे जोड़ने का काम करना चाहिए । अगर यह रेलपथ का काम हो जाएगा तो बहुत अच्छा होगा । मैं छः साल से ईस्टर्न रेलवे को बोल रहा हूं, लेकिन अभी भी वह काम नहीं हो रहा है ।**

सर, इसके साथ-साथ बांकुड़ा-मासाग्राम का जो रेलपथ है, उसके कनेक्शन पॉइंट का काम भी नहीं हो रहा है । मेरा यही निवेदन है कि यह काम जल्दी से जल्दी कम्पलीट हो जाए । रेल मंत्री जी से मेरी यही मांग है कि विष्णुपुर-तारकेश्वर रेलपथ का काम कम्पलीट होना चाहिए, क्योंकि यहां पर बहुत सारे पैसेंजर्स आते हैं ।